आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 ***फरवरी*** 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी पर ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, आज प्रयागराज जाएंगे भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्**णव ने बजट** में रेलवे के लिए किये गये प्रावधानों और योजनाओं की दी जानकारी, कहा प्रदेश में रेलवे के **इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार** और यात्रियों की सहूलियत में मददगार बनेगी उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन करोड़ रुपये की आवंटित धनराशि
- मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, कल होने वाले उपचुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने एग्जिट पोल पर लगाया प्रतिबंध
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर–**सीयूईटी** दो हजार पचीस के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बढ़ाई, अब आठ फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

**********

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरे अमृत स्नान के दौरान कल ढाई करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश सरकार द्वारा अपनाए गए जीरो एरर अप्रोच के कारण महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान सुचारू रूप से संपन्न हो गया। इस अमृत स्नान की शुरूआत 13 अखाड़ों के साधु–संतों के साथ हुआ और बाद में श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। हेलीकॉप्टर द्वारा साधु–संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। मेले में लोगों के प्रवेश और निकास के लिए अलग–अलग रास्ते बनाए गए थे ताकि वे आसानी से संगम में स्नान कर सके। सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और हेलीकॉप्टर के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेले की सुरक्षा स्थिति की निगरानी वॉर रूम के माध्यम से की। मुख्यमंत्री ने डीजीपी और गृह सचिव से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार अपडेट लेते रहे और उन्हें अमृत स्नान के सुचारू संचालन के निर्देश भी दिए। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

कल के अमृत स्नान में शामिल हुए संतों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इस मौके पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि सभी ने बिना किसी परेशानी के स्नान किया। वहीं जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने समुचित व्यवस्था के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार का आभार जताया।

**माननीय नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के अत्यंत संवेदनशील,सभ्य श्रेष्ठ और संस्कारवान योगी आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज के ससंकल्प से हम स्नान कर सके। बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद।**

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक आज प्रयागराज महाकुंभ जाएंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश आगमन पर चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कल उनका स्वागत किया। उनके स्वागत में एयरपोर्ट पर कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी आज महाकुंभ जाएंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***अपनी यात्रा के दौरान, भूटान नरेश, प्रयागराज में अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन करेंगे। इसके बाद डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से आधुनिक तकनीक के जरिए, महाकुंभ की गहराई को भी जानेंगे। भूटान नरेश के साथ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। पिछले सप्ताह 71 देशों के मिशन प्रमुख और राजनयिक सहित 110 लोगों ने संगम में पवित्र स्नान किया था। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ का मेला 26 फरवरी तक चलेगा। वहीं अब तक 37 करोड़ से अधिक श्रद्धालु, त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी, समाचार प्रयागराज***

**********

बसंत पंचमी के साथ ही मथुरा वृंदावन में डेढ़ माह तक चलने वाले होली पर्व की कल से शुरूआत हो गई। मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में भक्तों ने रंगों के साथ होली उत्सव की शुरूआत की। अयोध्या और वाराणसी सहित प्रदेश के कई तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं ने बसंत पंचमी के मौके पर कल पवित्र नदियों में स्नान दान तथा पूजा पाठ किया।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट में रेलवे के लिए किये गये प्रावधानों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस वीडियो कांफ्रेंसिग में प्रदेश के लखनऊ, गोरखपुर आगरा, झांसी, इज्जतनगर, मुरादाबाद, प्रयागराज और वाराणसी के रेलवे अधिकारी तथा स्थानीय पत्रकार भी शामिल हुए। रेल मंत्री ने रेलवे की नई परियोजनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

**पचास नई नमो भारत ट्रेन्स, सौ नई वन्दे भारत ट्रेन्स, जो कि फुललि जो हमारे गरीब से गरीब वर्ग है और श्रमिक वर्ग है उनके लिए बहुत कम कीमत में लम्बी जर्नी कर सके और वन्दे भारत ट्रेन्स दो सौ नई, जिसमें सलिपर और चेयरकार दोनों इन्क्लूडिड है और एक हजार नए फ्लाईओवर्स अप्रुव हुए इस बजट में। इस साल इनमें एक लाख 14 हजार करोड रुपए का रेलवे की सेफ्टी में इंवेस्टमेंट है और आगामी वर्ष में एक लाख 16 हजार रुपए का सेफ्टी में इंवेस्टमेंट होगा।**

रेल मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के रेल बजट में प्रदेश को उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। इससे ना सिर्फ प्रदेश में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को विस्तार मिलेगा, बल्कि यात्रियों को भी ज्यादा सहूलियत मिल सकेगी।

***उत्तर प्रदेश के लिए बहुत बड़ा एलोकेशन है उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन करोड़ रूपये और इससे उत्तर प्रदेश के पूरे रेलवे नेटवर्क का जो कायाकल्प हो रहा है, जो मोमेंटम है जिस तरह से काम तेजी से हो रहा है लगातार उत्तर प्रदेश के ट्रांस इन्फॉर्मेशन के लिए कृतसंकल्प है कटिबद्ध है। पूरे उत्तर प्रदेश में रेलवे में इन्वेस्टमेंट जो हो रहा है वो है एक लाख चार हजार करोड़ रुपये इतना मैसिव इन्वेस्टमेंट हो रहा है जैसे कि उत्तर प्रदेश का रेलवे नेटवर्क लोगों के और भी ज्यादा काम आए।***

वीडियो कांफ्रेंस के बाद रेलवे के अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर पत्रकारों के सवालों के जवाब दिये।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर कल होने वाले उपचुनाव के लिए आज पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। कल शाम वहां विभिन्न राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। एक रिपोर्ट–

**प्रचार के आखिरी दिन कल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कीं। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक दिन पहले भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की थी। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान, सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी संतोष कुमार सहित कुल दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उपचुनाव के परिणाम के लिए मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी। उपचुनाव में निष्पक्षता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने कल पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतगणना की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक**

इस बीच, उपचुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने कल सुबह सात बजे से शाम साढे छह बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिसूचना में आयोग की ओर से टेलीविजन चैनलों, रेडियो केन्द्रों तथा समाचार एजेंसियों सहित सभी मीडिया कंपनियों को इस निर्देश का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। यह प्रतिबंध मतदान के समापन तक अड़तालिस घंटे की अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित किसी भी जनमत सर्वेक्षण या सर्वेक्षण परिणाम पर भी लागू रहेगा।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर सीयूईटी दो हजार पचीस के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख को आठ फरवरी तक बढ़ा दिया है। परीक्षा की फीस जमा करने की आखिरी तारीख नौ फरवरी है, जबकि दस फरवरी से बारह फरवरी के बीच विवरण में सुधार किये जा सकते हैं।

**********

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश ने अभी तक सोलह मेडल प्राप्त किये हैं। इनमें छह स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक और पांच कास्य पदक शामिल हैं। प्रदेश के ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने इस सफलता का श्रेय प्रदेश सरकार की खेल प्रोत्साहन नीति को दिया है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती दो हजार पचीस की शारीरिक दक्षता परीक्षा दस फरवरी से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड कल से जारी होने शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड यूपीपीबीपीबी डॉट जीओवी डॉट इन से डाउन लोड कर सकते हैं।

**********